# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड
# U.P.Power Corporation Limited
(Govt. of Uttar Pradesh Undretaking)
शक्ति भवन, विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ
e-mail id:< dgmir.uppcl@zmail.com>


संख्या–2402–औ0सं0/2012–26(2)ए0एस0/06 दिनांक 09 अगस्त, 2012

प्रबन्ध निदेशक,
पश्चिमांचल/पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/केस्को,
विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,
मेरठ/वाराणसी/लखनऊ/आगरा/कानपुर।

निदेशक (परिचालन)/(कार्य एवं परियोजना),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड,
लखनऊ।

समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण/पारेषण क्षेत्र)

विषयः– बाह्य सेवा प्रदाता ( ठेकेदारों/संविदाकारो ) के माध्यम से उपकेन्द्रों/लाइनों के अनुरक्षण आदि कार्य पर कार्यरत् संविदा श्रमिकों के सम्बन्ध में विवरण व सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध मे।

महादेय,

कारपोरेशन द्वारा संविदा कर्मियों के नियोजन के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्देश दिये गये है नवीनतम् आदेश संख्या–1381–औस–2012–26(2)ए0एस0/06 दिनांक 15.05.2012 तथा संख्या–2348–औस–2012–26(2) ए0एस0/06 दिनांक 03.08.2012 का संदर्भ ग्रहण करे। कारपोरेशन द्वारा निर्गत आदेशो का निष्ठापूर्वक अनुपालन को न किये जाने की शिकायते विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होती रहती है साथ ही साथ प्रशिक्षित एवं अनुभवी कर्मियों को नियोजित न किये जाने के फलस्परूप विद्युत दुर्घटनाओं की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है जिसके कारण औद्योगिक अशान्ति के साथ–साथ कानून एवं व्यवस्था की समस्या भी बढ़ती जा रही है यह स्थिति कदापि उचित प्रतीत नहीं होती है।

अतः यह निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक अधिशासी अभियन्ता अपने अधीन 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रो पर वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित किये गये संविदा कार्मिको का संलग्न किये जा रहे प्रारूप में विवरण व सूची तैयार कराकर सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता को दिनांक 31.08.2012 तक अवश्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा उक्त संविदा कर्मियों के विवरण की सूची का निरीक्षण 31.08.2012 से उच्च अधिकारियो द्वारा किसी भी समय किया जायेगा तथा सत्यापन पर विवरण असत्य, भ्रामक अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

कृपया उक्त आदेश को अतिआवश्यक एवं महत्वपूर्ण समझे तथा अपने अधीन समस्त अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ताओं को उक्त आदेशो से भलीभॉति अवगत कराना सुनिश्चित कराये।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय,

( ए0 पी0 मिश्रा )
प्रबन्ध निदेशक

संख्या–2402–(1) औस/2012–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 समस्त अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल ।
2 समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ।
3 अधीक्षण अभियन्ता (वेव), कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय से कि उक्त आदेश कारपोरेशन की वेवसाइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित कराये।

( ए0 पी0 मिश्रा )
प्रबन्ध निदेशक

## उ0प्र0 पावर कारपोरेशन में संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों की सूची

### 33/11 के0वी0 ....................................

| कम सं0 | नाम | पिता का नाम व पता | कार्य स्थल का नाम | पद/श्रेणी | कार्य अवधि (कब से) | मजदूरी | संविदाकार का नाम एवं मो0 न0 | भुगतान की स्थिति माह तक | अनुबंध सं0 एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |